


UNDP_Comics Book_Back_option 1

UNDP_Comics Book_Front_opton1




UNDP_Comics Book_Back_option 2

UNDP_Comics Book_Front_opton 2


दमघोंटू हुआ बेदम
हम्म, ये कैसी आवाज़ है?
...zzz
हाहाहा, तो ये है दमघोंटू का नया शिकार!
जल्द ही तुझे काली खाँसी करवाऊँगा, साँस की नली जकड़ लूँगा... हूहाहाहा!
अचानक एक तेज आवाज सुनाई देती है
थूं!
सुपर बहन के होते हुए तू इसे कुछ नहीं कर सकता दमघोंटू!




काली खाँसी से बचाएगा इसे ये टीका- पेंटावैलेंट!
दमघोंटू के भागने की आवाज़
वूश!
हेहे!
सुपर बहन के होते तुझे कोई भी बीमारी छू नहीं सकती
आज ही नवजात का टीकाकरण कराएं, तभी तो बच्चा काली खांसी और अन्य घातक बीमारियों से बचेगा।
सुरक्षा तभी जब शुरूआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


खसराटा का अंत
पकड़ो... मुझे पकड़ो!
साइकिल से कोई खांसता निकलता है
खों खों
मैं आ गया हूँ खसराटा अब मैं तुम्हें खसरा देकर, लाल चकत्ते दूँगा, तेज़ बुखार दूंगा और दिमाग पर असर करूँगा
अरे? इसे लाल चकत्ते क्यों नहीं आ रहे?
सुपर बहन की आवाज़ गूंजती है
खसराटा! तेरा खसरा इस पर असर नहीं कर सकता!



इसे एमआर (मीजल्स) के टीके लगे हैं। चलता बन इधर से या मारूँ सुई तुझे?
ऊई... नहीं!
हाहाहा! भाग गया डरपोक
यू हू!
आज ही अपने बच्चे को एमआर का टीका लगवाएं! तभी तो बच्चा खसरा और अन्य जानलेवा बीमारियों से बचेगा।
सुरक्षा तभी जब शुरूआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें



जालासुर का जाल टूटा
एक बच्ची घर के आँगन में गुड़िया से खेल रही है उसके अंकल उसके पास आते हुए...
अंकल बिना मुँह ढँके ज़ोर से छींक मारते हैं...
ACHOO!
नाम है मेरा जालासुर! गलघोंटू (डिप्थीरिया) बीमारी देता हूँ, गले में बैठता हूँ, सांस रोकता हूँ,
जालासुर अपनी धागे-जैसी जालियां बच्चे की ओर बढ़ाता है।
और बच्चू, आज तू मेरा नया शिकार है! बस एक लपेट और तेरी आवाज़ बंद!
ए जालासुर! बच्चे की सांसों पर कब्ज़ा जमाने आया है? यहाँ नहीं चलेगा।




इसे एमआर (मीजल्स) के टीके लगे हैं। चलता बन इधर से या मारूँ सुई तुझे?
ऊई... नहीं!
हाहाहा! भाग गया डरपोक
यू हू!
आज ही अपने बच्चे को एमआर का टीका लगवाएं! तभी तो बच्चा खसरा और अन्य जानलेवा बीमारियों से बचेगा।
सुरक्षा तभी जब शुरूआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


जकड़ू दानव की अकड़ निकली
आउच!
कील से उठी मिट्टी व जंग का चूरा घूमकर राक्षस बनता है, जकड़ू दानव।
नाम है जकड़ू दानव!
जंग और मिट्टी से पैदा हुआ हूँ। जिस्म को अकड़ाना मेरा असली काम
वह लोहे जैसी उँगलियाँ बच्चे के घाव की ओर बढ़ाता है।
हा हा हा!
आजा बेटा ! अभी टेटनस देता हूँ तुझे!
अरे! ये क्या ढाल है
जकड़ू! बच्चों को छूने की गलती मत करना
सुपरबहन की आवाज़ गूंजती है




अरे! पर मैं जकड़ू हूँ. मेरी टेटनस पॉवर के सामने...?
पेंटावैलेंट के टीके लगे हैं इसे, इसीलिए टेटनस का पॉवर यहां नहीं चलने वाला
हाय दइयाँ! गया मैं!
सुपर बहन ज़ोर से वार करती है और जकड़ू मिट्टी में बिखर जाता है।
पेंटावैलेंट का टीका, टेटनस जैसी खतरनाक बीमारी से बच्चे की रक्षा करता है। और ऐसे ही दूसरे सभी टीके कई बीमारियों से बचाते हैं। इसीलिए बच्चों को सभी टीके समय पर लगवाएं
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


सांसमखोर का काम तमाम!
पापा, इन अंकल को बहुत खांसी है
खाँसी का एक धुआँ हवा में घूमता है और राक्षस का रूप लेता है, सांसमखोर।
तेरे फेफड़े बड़े नाज़ुक लग रहे हैं
मैं देता हूँ टीबी। मैं हूँ सांसमखोर! दो हफ्ते से ज़्यादा की खांसी, बुखार, दम घुटना। सब फैला देता हूँ!
तेरी सांसें आज मेरी होंगी!
उसके धुएँ वाले हाथ बच्चे के सीने की तरफ बढ़ते हैं।
इस राक्षस को मानो एक करंट का झटका सा लगता है
सांसमखोर! इसे हाथ लगाने की भी हिम्मत मत करना।


ये है क्या? मेरी ताकत काम क्यों नहीं कर रही
BCG लगा है इसे. तेरी टीबी इस तक पहुँच ही नहीं सकती!
सुपर बहन तेज़ फूँक मारती है और सांसमखोर उड़ जाता है।
आ...आ...!
BCG का टीका, टीबी जैसी ख़तरनाक बीमारी से बच्चे के फेफड़ों की रक्षा करता है। और ऐसे ही दूसरे सभी टीके कई बीमारियों से बचाते हैं। इसीलिए बच्चों को सभी टीके समय पर लगवाएं
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


सुपर बहन VS पोलियो
बच्चा छलांग लगाता है
हईयया !
अंगभक्षी की धीमी, डरावनी आवाज़
मैं आ गया हूँ... अंगभक्षी
अब मैं तेरी नसें कमज़ोर करूँगा, तेरी रीढ़ की हड्डी को जकड़ लूँगा और तुझे पोलियो दूँगा! तू कभी चल नहीं पाएगा. हाहाहा!
अंगभक्षी बच्चे पर हमला करने की कोशिश करता है लेकिन बच्चे पर कोई असर नहीं होता।
सारा हमला बेकार!
ना ना ला ल ला
एक शक्तिशाली, ममतामयी आवाज़
"अंगभक्षी! तेरा पोलियो इस पर असर नहीं कर सकता!"


इसे पोलियो के टीके लगवाए जा चुके हैं। तेरी शक्तियाँ इस पर काम नहीं करेंगी! चलता बन इधर से या मारूं सुई तुझे?!"
"ऊऊऊ... नहीं!"
अपने ही आँसुओं के कीचड़ में डूब जा अब तू!
ये...
आज ही नवजात का टीकाकरण कराएं तभी तो बच्चा पोलियो और अन्य घातक बीमारियों से बचेगा।
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


जिगराऊला की हार
ए... मेरी बारी आ गई।
टॉयलेट के दरवाज़े से एक गहरे रंग की छाया निकलती है और राक्षस बन जाती है
मैं हूँ जिगराऊला! गंदगी, खून और पुरानी सुई से फैलता हूँ। हेपेटाइटिस-बी देकर पीलिया, बुखार और कमज़ोरी फैलाना मेरा काम है
रोशनी चमकती है, सुपर बहन की आवाज़ आती है।
जिगराऊला!
बच्चे के सामने सुनहरी ढाल बन जाती है, जिगराऊला टकराकर रुक जाता है।
ये... ये क्या ?


जन्म से हेपेटाइटिस-बी का टीका और बाद में पेंटावेलेंट टीके इसकी ढाल हैं
सुपर बहन हाथ घुमाती है, जिगराऊला धप्प से ज़मीन में धंस के गायब हो जाता है।
आ... आ...
हेपेटाइटिस-बी और पेंटावेलेंट के टीके, इस बीमारी से बच्चे को बचाते हैं और ऐसे ही दूसरे सभी टीके कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षा देते हैं। इसीलिए बच्चों को सभी टीके समय पर लगवाएँ।
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


पेट-पुचुक हुआ परास्त
वाह! मज़ा आ गया
स्लर्प
ठेले से टपकती बूंदें ज़मीन से मिलकर राक्षस बनती हैं
मैं हूँ पेट-पुचुक! गंदे हाथ, गंदा पानी. यहीं से फैलता हूँ। रोटावायरस देकर पेट गड़बड़ करूँगा
दस्त, उल्टी, कमजोरी... तुझे बेहाल कर दूँगा!
ऐं?!
सुपर बहन की आवाज़ गूंजती है।
पेट-पुचुक! यहाँ तेरी एक नहीं चलेगी


रोटावायरस का टीका लगा है इसे।
ये क्या? पेट तक पहुँच ही नहीं पा रहा!
आsss
रोटावायरस का टीका, बच्चों को इस वायरस से होने वाली जानलेवा बीमारी से बचाता है। और सभी टीके मिलकर बच्चे को कई बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। इसीलिए टीकाकरण ज़रूरी करवाइए।
सुरक्षा तभी जब शुरूआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


जकड़ू जूनियर पड़ा ढीला
एक नवजात अपनी माँ की गोद में है, एक क्लिनिक में, उस कमरे के एक कोने में गंदगी दिख रही है।
CLINIC
HEALTH
उस गंदगी से छोटा राक्षस निकलता है... जकड़ू जूनियर
मैं हूँ जकड़ू जूनियर! टेटनस फैलाने वाले जकड़ू दानव का चेला! मैं भी शरीर अकड़ा दूँगा तेरा, माँ का दूध तक ना पी पायेगा!
जकड़ू जूनियर बच्चे की ओर बढ़ता है।
अब तेरी अकड़न शुरू!
CLINIC
HEALTH
जकड़ू जूनियर! रुक जा।


अरे! मेरे जोड़. ढीले क्यों पड़ रहे हैं?
क्योंकि माँ को TT का टीका लगा है, अब तेरी अकड़ यहीं टूटेगी
CLINIC
HEALTH
आऽऽऽआ
TT का टीका, नवजात टेटनस से और ऐसे ही बाकी के टीके बच्चे को कई बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। इसीलिए गर्भावस्था में माँ और जन्म के बाद बच्चे को सभी टीके ज़रूर लगवाएँ।
CLINIC
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकरी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


फेफड़ासुर हुआ फुस्स
ठंडी सुबह, बच्चा बिना स्वेटर खेल रहा है। पास में लोग खाँस रहे हैं।
आज तो बहुत ठंड है।
ठंडी हवा और खाँसी मिलकर राक्षस बनाते हैं – फेफड़ासुर।
मैं हूँ फेफड़ासुर! सर्दी-खाँसी से फैलता हूँ। निमोनिया बनकर फेफड़ों में भर जाऊँगा!
सांस भारी कर दूँगा!
सांस लेने में दिक्कत...
सुपर बहन तेज़ी से आती है।
फेफड़ासुर! पीछे हट।


बच्चे के आस पास एक सुरक्षा घेरा बनता है
ये क्या है?
PCV का टीका लगा है इसे।
सुपर बहन फूँक मारती है, फेफड़ासुर हवा में उड़ जाता है।
हाय... उड़ गया मैं!
PCV का टीका, निमोनिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचाता है। और सभी टीके मिलकर बच्चे को कई बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। इसीलिए टीकाकरण ज़रूर करवाइए।
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


खाऊ दिमाग
चकराया
शाम का समय। बच्चा घर के बाहर लुका-छुपी खेल रहा है। पास में नाली का पानी जमा है
आज मच्छर कुछ ज़्यादा ही हैं।
एक मच्छर बच्चे के पास आता है। मच्छर की परछाई बड़ी होती जाती है और राक्षस बनती है - खाऊ दिमाग।
मैं हूँ खाऊ दिमाग! मच्छर के काटने से आता हूँ... दिमाग पर जापानी बुखार का हमला करना मेरा काम!
खाऊ दिमाग बच्चे के सिर के ऊपर मंडराता है,
दौरे, बुखार, लकवा... सब दूँगा!
बच्चा आराम से खेलता रहता है, उस पर कोई असर नहीं। खाऊ दिमाग हैरान दिखता है।
अरे? दिमाग पर असर क्यों नहीं हो रहा?
सुपर बहन शांत और आत्मविश्वास से आगे आती है।
क्योंकि ये बच्चा पहले से सुरक्षित है।


ये क्या? दिमाग तक पहुँच ही नहीं पा रहा!
बच्चे के सिर के चारों ओर हल्का उजला घेरा बनता है
JE का टीका लगा है, अब ये दिमाग तेरे चंगुल में नहीं आने वाला।
खाऊ दिमाग अपना सिर पकड़कर पीछे हटता है, खुद ही चक्कर में पड़ जाता है।
इसे बीमारी देने के चक्कर में तो मुझे ही चक्कर आ गए
डर से खाऊ दिमाग भागते हुए
बच्चा फिर से खेल में मग्न है। सुपर बहन पास खड़ी मुस्कुरा रही है।
जापानी बुखार (JE) का टीका, इस जानलेवा बीमारी से बच्चों को बचाता है। और बाकी के सभी टीके गंभीर बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखते है। इसीलिए बच्चों को सभी टीके समय पर लगवाएँ।
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें



जसराटा की चाल फेल
बच्चे ऑटो में स्कूल जा रहे हैं, बच्चे हॉर्न की आवाज़ की नक़ल कर-कर के हँस रहे हैं
BEEP BEEP!
बाइक में बैठा आदमी ज़ोर से छींकता है। छींक की हवा लाल धुंध बनकर उछलती है, धुंध से राक्षस निकलता है
मैं हूँ जसराटा! खसरा फैलाने वाले खसराटा का भाई। लाल दाने और बुखार के साथ रूबेला देना मेरा काम!
तेरे बदन को लाल-लाल कर दूँगा!
अरे! ये क्या हो रहा है?
सुपर बहन स्टाइल से एक ऑटो से आती हैं और हवा में एक चमकदार घेरा बनाती है
जसराटा! इस बच्चे के साथ तू गलत जगह आ गया है।




बच्चे के चारों ओर साफ़ उजला घेरा बन जाता है। जसराटा लाल दाने फेंकता है... दाने घूमकर उसी पर चिपक जाते हैं।
एमआर का टीका लगा है इसे, तेरी बीमारी की चाल यहाँ उल्टी पड़ेगी बच्चू!
अरे! ये मेरे ऊपर कैसे लौट आए?
जसराटा खुद लाल-लाल दानों से भरा हुआ, चक्कर खाते हुए ऑटो से पीछे गिरता है।
अबे! मेरी ही बीमारी मुझ पर चढ़ गई... मैं गया!
बच्चा बाकी बच्चों के साथ सुपर बहन को बाय-बाय करता है।
एमआर का टीका, रूबेला और खसरा जैसी जानलेवा बीमारियों से बच्चों को बचाता है। और सभी टीके मिलकर बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। बच्चों को सभी टीके समय पर लगवाएं।
सुरक्षा तभी जब शुरूआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें


हिब्बासुर की हवा फेल
कमरे की खिड़की के बाहर 2 लोग गुज़रते हैं और उनमे से एक खांसता है।
COUGH
2 एकम 2
2 दूनी 4
कमरे की हवा में धुंध बनती है और राक्षस निकलता है... हिब्बासुर।
मैं हूँ हिब्बासुर! खाँसी, छींक और हवा से फैलता हूँ!
हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा देकर गला सूजाऊँगा, सांस अटकाऊँगा... दिमाग तक भी पहुँचूँगा!
अरे? न खाँसी... न घुटन?
सुपर बहन खिड़की के पास खड़ी, आत्मविश्वास से मुस्कुराती है।
क्योंकि ये बच्चा पहले से सुरक्षित है।



मेरी हवा काम क्यों नहीं कर रही?
पेंटावैलेंट का टीका लगा है, Hib का असर यहीं खत्म।
आज तो मेरी ही हवा खराब हो गई!
खिड़की से हिब्बासुर भाग जाता है
नौ... दो... ?
ग्यारह
पेंटावैलेंट का टीका और अन्य सभी टीके, Hib जैसी जानलेवा बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखते है। इसीलिए बच्चों को सभी टीके समय पर लगवाएँ।
सुरक्षा तभी जब शुरुआत अभी
अधिक जानकारी के लिए आशा दीदी और ए एन एम दीदी से बात करें

## बच्चों के लिए स्टिकर




## बच्चों के लिए नेम टैग स्टिकर










## दमघोंटू ड्राइंग ट्यूटोरियल 6 स्टेप में

## टीकाकरण केंद्र का सही रास्ता खोजें।




## सुरक्षा का सही रास्ता खोजें


# रंगो, काटो, खेलो!
## फिंगर पपेट क्राफ्ट






Example





| | |
|---|---|
| 1 मॉन्स्टर और साइड वाले फ्लैप्स के चारों तरफ बिंदी वाली काली लाइन से काटो। | 2 बिंदी वाली लाइनों के साथ सावधानी से फाड़ें। |
| 3 दोनों साइड के फ्लैप्स को मुख्य भाग के पीछे की तरफ मोड़ें। | 4 फ्लैप्स को एक साथ चिपकाएं या टेप लगाएं ताकि एक लूप बन जाए। |
| 5 लूप को अपनी उंगली पर पहनाएं। | |



रंगो, काटो, खेलो!

बच्चों के लिए फेस मास्क



## काटो, खेलो!
### बच्चों के लिए फेस मास्क






# कॉमिक से मंच तक

**किरदार निभाइए, टीकाकरण का संदेश फैलाइए।**

**(थाली बजती है। 2-3 बच्चे स्टेज पर खेल रहे हैं।)**

बच्चा 1:
**"पकड़ पकड़ पकड़!"**

बच्चा 2:
**"अरे मुझे पकड़ के दिखा!"**

बच्चा 3:
**"मैं जीत गया!"**
(तभी ज़ोर की नकली खाँसी और छींक की आवाज़।)
**"आच्छू... उहूहून!"**

(दोनों विलेन भाई एंट्री लेते हैं। लाल धब्बों वाले मास्क पहने हुए। मज़ेदार डांस करते हुए।)

खसराटा-जसराटा:
**"हाहाहाहाहा!"**
**"हम आ गए हैं..."**

**"खसराटा-जसराटा!"**
(बच्चे डरकर पीछे कूदते हैं।)

बच्चा 1:
**"ईईईईई! ये कौन लाल टमाटर भाई हैं?!"**

खसराटा (गर्व से):
**"हम देंगे बच्चों को खसरा!"**

जसराटा:
**"और हम देंगे रुबेला!"**

खसराटा:
**"लाल चकत्ते!"**

जसराटा:
**"तेज़ बुखार!"**

खसराटा:
**"खाँसी!"**

जसराटा:
**"और कमज़ोरी भी!"**
(दोनों मॉन्स्टर ज़ोर से छींकते और खाँसते हैं।)
**"आच्छू... उहूहून!"**

बच्चा 2:
**"दूर रह भाई!"**

जसराटा:
**"आज हम तुम सबको पकड़ लेंगे!"**

खसराटा:
**"और स्कूल भी बंद करा देंगे!"**

सभी बच्चे:
**"ओये होएएए!"**

बच्चा 3:
**"होमवर्क भी?"**

खसराटा-जसराटा (गर्व से):
**"हाँ जी हाँ!"**
(सारे बच्चे एक सेकंड के लिए खुश हो जाते हैं।)

सभी:
**"याये!"**

फिर बच्चा 1:
**"पर क्रिकेट भी बंद?"**

सभी हूटिंग करते हैं:
**"बूऊऊ!"**

बच्चा 2:
**"मेला भी बंद?"**

सभी:
**"हॉव्व!"**

बच्चा 3:
**"मस्ती बंद, बस बीमारी!"**

सभी:
**"नहींईंईंई!"**

(खसराटा-जसराटा विलेन वाली हँसी हँसते हैं।)
**"हाहाहाहाहा!"**
**"आज हम तुम सबको पकड़ लेंगे!"**

(दोनों हमला करने बढ़ते हैं। बच्चे शील्ड पोज़ बना लेते हैं।)

फिर दोनों रुक जाते हैं।
खसराटा-जसराटा:
**"हैं?!"**
**"तुम लोग बीमार क्यों नहीं हो रहे?!"**

**Conti...**

बच्चा 1 (गर्व से):
**"क्योंकि हम स्मार्ट हैं!"**

खसराटा-जसराटा:
**"कैसेएएए???"**

सभी बच्चे ज़ोर से:
**"एम-आर का टीका लगवा के!"**

(दोनों को करंट लगने जैसा अभिनय।)
**"आआआहृहृह!"**

बच्चा 2:
**"एक और बार बोलो!"**

सभी और ज़ोर से:
**"एम-आर का टीका लगवा के!"**

(दोनों घूम-घूमकर लड़खड़ाने लगते हैं।)

खसराटा-जसराटा:
**"अरेएएए मेरी ताकत!"**
(थाली ज़ोर से बजती है।)

सभी:
**"सुपरबेहेन!"**
(सुपरबेहेन की धमाकेदार हीरो एंट्री।)

सुपरबेहेन:
**"ओए खसराटा-जसराटा!"**
**"फिर आ गए बच्चों को डराने?"**

खसराटा:
**"हाँ!"**
**"हम देंगे खसरा!"**

जसराटा:
**"और हम देंगे रुबेला!"**

सुपरबेहेन:
**"पर इन बच्चों को एम-आर का टीका लगा है!"**

दोनों विलेन:
**"नहींईंईंई!"**

सुपरबेहेन (सिरिंज दिखाते हुए):
**"चलते बनो यहाँ से..."**

**"या लगाऊँ सुईईईई?!"**

(दोनों कान पकड़ लेते हैं।)

दोनों:
**"नहीं नहीं नहीं!"**

बच्चा 3 (दर्शकों की ओर):
**"भगाना है इनको???"**

दर्शक/बच्चे:
**"हाँ! हाँ!"**

सभी मिलकर:
**"टीका लगाओ!"**

दर्शक:
**"बीमारी भगाओ!"**
फिर और ज़ोर से:

सभी:
**"टीका लगाओ!"**

दर्शक:
**"बीमारी भगाओ!"**

(दोनों विलेन डरकर भागने लगते हैं। उल्टा भागते हुए, गिरते-पड़ते एग्ज़िट।)

दोनों:
**"हम गए!"**

**"हम गए!"**

सुपरबेहेन:
**"याद रखना..."**

**"जैसे एम-आर का टीका खसरा और रुबेला से बचाता है, वैसे ही..."**

सभी बच्चे मिलकर:
**"सभी टीके कई जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं!"**

(सभी अंतिम पोज़ में खड़े होते हैं।)

सभी मिलकर:
**"सबको ये बताना है कि बच्चों को सभी टीके समय से लगवाना है!"**

(इसके बाद दर्शकों से भी यही लाइन दोहरवाई जाती है और 2-3 बार जोश के साथ रिपीट करवाई जाती है।)